# महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्,गोरखपुर

## संस्थापक–समारोह 2025

(4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर)

प्रतियोगिता परिणाम एवं अन्य जानकारी के लिए देखें website – www.mpspgkp.in



मो. : 9140775309
9807715902
9451851216


**मुख्य संरक्षक : गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश**

पत्रांक : ........................ दिनांक : 03.12.2025

## प्रकाशनार्थ

### महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक सप्ताह समारोह का भव्य शुभारम्भ आज
### (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन)

**महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक सप्ताह समारोह का उद्घाटन आज प्रातः 9.30 से प्रारम्भ होगा। उत्तर–प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री परमपूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज इस उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता** करेंगे। महाराणा प्रताप इण्टर कालेज, गोरखपुर के क्रीडांगन में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्वांचल का अति प्रतिष्ठित एवं सबसे बड़ा अकादमिक कार्यक्रम है। 7 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विविध प्रकार की अकादमिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। अकादमिक प्रतियोगिताओं में गोरखपुर मंडल के 125 से अधिक शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थान प्रतिभाग करते हैं, जबकि भाषण एवं खेल–कूद की प्रतियोगिताओं जैसे बालीवाल, बास्केटवॉल में पूरे प्रदेश से प्रतिभागी अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हैं।

**उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष, उ.प्र.राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ले.ज. योगेन्द्र डिमरी जी उपस्थित** रहेगें। उपस्थित विद्यार्थियों एवं जन समुदाय को सम्बोधित करने के पश्चात् उनके द्वारा भव्य शोभा यात्रा की सलामी ली जायेगी। शोभा यात्रा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् परिसर से निकलर अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए जिला परिषद् रोड पर स्थित शताब्दी द्वार से पुनः महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद में प्रवेश करेगी। उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने के लिए एक हजार से अधिक शिक्षक कर्मचारी एवं स्वयं सेवक लगे रहेंगे। शोभा यात्रा के दौरान अनुशासन, श्रेष्ठ पथ संचलन के साथ–साथ जन–जागरण को प्रदर्शित करने वाली झाकियां एवं नारे मुख्य आकर्षण होंगे।

संस्थापक सप्ताह समारोह की संचालन समिति ने उद्घाटन कार्यक्रम का विस्तृत क्षण–अनुक्षण जारी कर दिया है। जिसके अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु उत्तर–प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री परमपूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज एवं मुख्य अतिथि ले.ज. योगेन्द्र डिमरी जी प्रातः 9.30 पर महाराणा प्रताप इण्टर कालेज, गोरखपुर में आ जाएंगे। तत्पश्चात् 09.45 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं निरीक्षण करेंगे। 09.50 मिनट पर महाराणा प्रताप इण्टर कालेज के एन.सी.सी. के कैडेट्स मुख्य अतिथि को **गार्ड ऑफ ऑनर** देंगे। तत्पश्चात् ध्वजारोहण के साथ अन्य अतिथियों सहित पूज्य महाराज जी कार्यक्रम मंच पर स्थित **मॉ सरस्वती, महायोगी गुरू गोरखनाथ, हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज** के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। तदुपरान्त **सरस्वती वन्दना, गोरखनाथ स्त्रोत पाठ एवं कुलगीत** प्रस्तुत किया जायेगा। कुलगीत के उपरान्त **दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह स्वागत उद्बोधन** के द्वारा अतिथियों का स्वागत करेंगे। स्वागत उद्बोधन के पश्चात् **मुख्य अतिथि ले.ज.**

**योगेन्द्र डिमरी जी का उद्‌बोधन** होगा। मुख्य अतिथि के उद्‌बोधन के बाद **परमपूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज का अध्यक्षीय उद्‌बोधन** होगा। इस क्रम में वन्देमातरम् के पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा शोभा यात्रा के शुभारम्भ की औपचारिक घोषणा की जायेगी। महाराणा प्रताप इण्टर कालेज गोरखपुर के **प्रधानाचार्य डॉ. अरूण कुमार सिंह धन्यवाद ज्ञापन** करेंगे। **'ज्ञान ज्योति'** की स्थापना के साथ उद्‌घाटन समारोह सम्पन्न होगा।

**'शोभा यात्रा में ये संस्थाएं होंगी सम्मिलित'**

- महाराणा प्रताप इण्टर कालेज, गोरखपुर
- महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज, सिविल लाइन्स, गोरखपुर
- दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर
- महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज, रामदत्तपुर, गोरखपुर
- महाराणा प्रताप महिला पी.जी. कालेज, रामदत्तपुर, गोरखपुर
- महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, बेतियाहाता, गोरखपुर
- गुरू गोरखनाथ विद्यापीठ भरोहिया, पीपीगंज, गोरखपुर
- महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर
- दुलहिन जगन्नाथ कुँवरि इण्टरमीडिएट कालेज, टेकुआटार, कुशीनगर
- दिग्विजयनाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोरखपुर
- महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज, गोरखपुर
- महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक गोरखनाथ, गोरखपुर
- दिग्विजयनाथ इण्टर कालेज चौक माफी, गोरखपुर
- दिग्विजयनाथ इण्टर कालेज चौक बाजार, महराजगंज
- महन्त अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार, महराजगंज
- फैकेल्टी ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामडिकल
- गुरू गोरक्षनाथ इन्स्टीट्‌यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद)
- श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
- स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय, कृषि संकाय, औषधि विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय
- दिग्विजयनाथ बालिका इण्टर कालेज चौक बाजार, महराजगंज

इसके अतिरिक्त विभिन्न शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थानों के **एन.सी.सी. दल, विविध सेवा संस्थान एवं छात्रावास** के दल भी शोभा यात्रा को भव्य से भव्यतम बनने में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। उक्त जानकारी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह संचालन समिति के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ल द्वारा दी गई।

**डॉ.(नितीश शुक्ला)**
**सदस्य–संचालन समिति**
**महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्**
**गोरखपुर**